BABA MASTNATH UNIVERSITY

ASTHAL BOHAR, ROHTAK

Public Relations Office

Name of the Publication: HARI BHOOMI

Date: 12/12/2025 Page: 12 Column: 03

Subject: बीएमयू के एनएसएस स्वयंसेवकों ने किला रोड पर किया, नुक्कड़ नाटक

बीएमयू के एनएसएस स्वयंसेवकों ने किला रोड पर किया नुक्कड़ नाटक

■ स्वयंसेवकों ने सफाई के महत्व और प्लास्टिक से होने वाले नुकसान और जिम्मेदार नागरिक बनने की सीख दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय के एनएसएस स्वयंसेवकों ने कुलपति प्रोफेसर डॉ. बी. एम. यादव के मार्गदर्शन में किला रोड बाजार में स्वच्छता जागरूकता को लेकर नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया। इस नाटक के माध्यम से स्वयंसेवकों ने सफाई के महत्व, प्लास्टिक से होने वाले नुकसान और जिम्मेदार नागरिक बनने की सीख देकर स्थानीय लोगों का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम की शुरुआत में एनएसएस लीडर सृष्टि मलिक ने सभी को उद्देश्य और थीम के बारे में बताया। नुक्कड़ नाटक के दौरान स्वयंसेवकों ने दैनिक जीवन में स्वच्छता को शामिल करने, प्लास्टिक का उपयोग कम करने और कचरे को सही स्थान पर डालने जैसे संदेश सरल भाषा और प्रभावी अभिनय के जरिए लोगों तक पहुंचाए। कुलपति प्रो. डॉ. बी. एम. यादव ने स्वयंसेवकों की सराहना करते हुए कहा कि स्वच्छता सिर्फ अभियान नहीं है, यह जीवनशैली है। नुक्कड़ नाटक में एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर डॉ. सुमन राठी, डॉ. प्रमिला, शोधार्थी सोनिका कादियान, नीरज जाखड़, पंकज राणा सहित स्वयंसेवक विक्रांत, परीक्षित, अश्विन, केशव, लव, सुगम, राखी, तमन्ना, सानिया और अन्य छात्रों ने सक्रिय भूमिका निभाई। इस मौके पर दुकानदार सत्यवान चहल, राजू प्रधान, सोनू, अरुण सहित कई लोग मौजूद रहे और कार्यक्रम की सराहना की।